वाले अपराधों को समाप्त करने के सम्बन्ध में, राज्यों के मुख्य मंत्रियों से सुझाव मांगे हैं; यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या यह सच है कि तत्कालीन रेल मंत्री श्री हनुमन्तैया कम से कम ठीक समय पर रेल गाड़ियों को चलाने में सफल रहे थे; और

(ग) यदि हां, तो रेलवे में सुधार लाने के लिये उनके द्वारा तैयार की गई योजना को अपनाने में सरकार को क्या कठिनाई पेश आ रही है ?

रेल मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) जी हां ।

(ख) चालू वर्ष के दौरान 'समय न खोने वाली' डाक/एक्सप्रेस गाड़ियों के समग्र समय-पालन में 1971-72 की तुलना में, जब स्वर्गीय श्री हनुमन्तैया रेल मंत्री थे, सुधार हुआ है जैसा कि नीचे के आंकड़ों से देखा जा सकता है :--

वर्ष	समय-पालन प्रतिशत	
	ब. ला.	मी. ला.
1971-72	79.1	88.5
1982-83 (सितम्बर 82 तक)	85.7	88.8

(ग) कुछ राज्यों में कानून और व्यवस्था की कठिन स्थिति के कारण रेलों के कार्य निष्पादन पर दुष्प्रभाव पड़ता है ।

Fare of Ring Railway in Delhi

2080. SHRI G. C. BHATTACHARYA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to the reply to Starred Question 55 given in the Rajya Sabha on the 6th October, 1982 and state:

(a) whether the ring railway fares in Delhi are in keeping with the fares in other Metro Cities in the country; and

(b) whether Government propose to provide rail transport for the workers at prices they can afford ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) (a) The Second Class flat fare of one rupee on the Delhi Ring Railway is a new concept in conformity with the fare structures in several metropolitan cities of the world. Basically the flat fare equates with the fare structure in other metropolitan cities in India, when viewed in the context of average lead.

(b) It is always the endeavour of the Government to keep in view the interests of the workers and weaker sections of the society, as also the cost of rendering the service, while framing the fare structure.

ग्वालियर में ऊपरि-पुल का निर्माण

2081. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में बिड़ला नगर मुरार रेल लाइन पर ऊपरि-पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इसकी मंजूरी किस तारीख को दी गई, इसके निर्माण पर खर्च होने वाली अनुमानित राशि कितनी है तथा निर्माण कार्य के कब तक शुरू हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) जी हां ।

(ख) यह कार्य 107·93 लाख रूपये की अनुमानित लागत से रेलों के 1982-83 के निर्माण कार्यक्रम में शामिल किया गया है जिसमें से रेलवे का हिस्सा 41·45 लाख रुपये है। नक्शों और अनुमानों के सम्बन्ध में राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने पर यह कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

टेंगनामुडा पर गाड़ियों का ठहराना

2082. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 35 डाउन, भोपाल-बिलासपुर गाड़ी टेंगनामुडा रेल स्टेशन पर ठहरती है जबकि 36 अप बिलासपुर-भोपाल गाड़ी इस स्टेशन पर नहीं ठहरती जिसमें यात्रियों को काफी असुविधा होती है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या 36अप बिलासपुर-भोपाल रेल गाड़ी को टेंगनमुडा रेलवे स्टेशन पर जनसुविधा की दृष्टि से ठहराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

रेल मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :

(क) जी हां, 35 डाउन टेंगनामुडा में ठहरती है लेकिन 36 अप नहीं ठहरती है लेकिन इससे कोई असुविधा नहीं होती क्योंकि इस स्टेशन पर बिलासपुर से एक गाड़ी सुबह और एक गाड़ी शाम के समय अर्थात 405 बिलासपुर-शहडोल पार्सल एवं पैसेंजर और 34 बिलासपुर-इंदौर फास्ट पैसेंजर आती है।

(ख) बिलासपुर-अनूपपुर खंड पर टेंगनामुडा एक छोटा स्टेशन है। इस समय यह स्टेशन पर अप दिशा में 2 पैसेंजर गाड़ियां और डाउन दिशा में 3 गाड़िया ठहरती हैं। टेंगनामुडा से कटनी तक यातायात की मात्रा थोड़ी सी है इसलिए 36 अप विलासपुर-भोपाल पैसेंजर गाड़ी को वहां ठहराना औचित्यपूर्ण नहीं समझा गया है।

Introduction of a daily train from New Delhi to Patna

2083. SHRI RAM BHAGAT PASWAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that about 50 Members of Parliament have submitted a joint memorandum regarding daily running of Sonebhadra Train from New Delhi to Patna and Patna to New Delhi; and

(b) if so, what action has so far been taken thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) A joint memorandum dated 6-8-82 has been received from some Members of Parliament regarding increase in the frequency of Sonebhadra Express between New Delhi and Patna from 3 days a week to daily.

Increase in the frequency of Tri weekly Sonebhadra Express to daily has not been found feasible due to path difficulty as 167/168 Delhi-Bhagalpur Vikramshila Express and 153/154 Delhi-Muzaffarpur Jayanti Janata Express are running on bi-weekly basis on the remaining 4 days to the same path, thereby providing a daily service between Delhi and Patna. In addition there is problem of terminal facilities at Patna and Delhi as also there is an acute shortage of coaching stock. As such, increase in the frequency of 191/192 Sonebhadra Express from tri-weekly to daily has not been found feasible.

रेलवे में खान- पान ठेके खोमचा लगाने के

2084. **श्री राम भगत पासवान** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व रेलवे के अन्तर्गत प्राइवेट खान-पान सेवाओं तथा खोमचों के कितने-कितने ठेके चल रहे हैं तथा उनमें हरिजनों तथा आदिवासियों की संख्या कितनी है, और

(ख) हरिजनों तथा आदिवासियों को, उनके लिये निर्धारित आरक्षण के अनुसार रखे जाने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या नीति अपनाई है ?